CIN: L67120MP1993PLC007481
Regd. Off: Agarwal House, 5 Yeshwant Colony Indore MP 452003 | Email Id: cs@availablefinance.com

**Standalone & Consolidated Un-Audited Financial Results (Standalone & Consolidated) For The Quarter / Nine MonthsEnded 31st December, 2023**

(Rs. In Lakhs except EPS)

| Particulars | Standalone: Current Quarter ended (31.12.2023) Un -Audited | Standalone: Corresponding 3 Months Ended in Previous Year (31.12.2022) Un -Audited | Standalone: Year to date figures for 9 months (31.12.2023) Un - Audited | Consolidated: Current Quarter ended (31.12.2023) Un -Audited | Consolidated: Corresponding 3 Months Ended in Previous Year (31.12.2022) Un -Audited | Consolidated: Year to date figures for 9 months (31.12.2023) Un - Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Total income from operations | 13.79 | 15.12 | 40.80 | 13.79 | 15.12 | 40.80 |
| Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 9.04 | 10.04 | 20.86 | 9.04 | 10.04 | 20.86 |
| Net Profit / (Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | 9.04 | 10.04 | 20.86 | 9.04 | 10.04 | 20.86 |
| Net Profit/(Loss) for the period After Tax Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.73 | 7.60 | 16.77 | 4860.21 | 2704.53 | 8591.33 |
| Total comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after Tax)] | 19.02 | 28.26 | 13.84 | 4869.83 | 2790.08 | 8570.40 |
| Equity Share Capital (FV of Rs. 10/-) | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | 696.60 | 678.44 | 696.60 | 101665.65 | 86330.99 | 101665.65 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) Basic and Diluted: | 0.07 | 0.07 | 0.16 | 47.63 | 26.51 | 84.20 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Half yearlyFinancial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Un-Audited Financial Results for the quarter/ nine monthsended 31stDecember, 2023 are available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com and on website of the company at www.availablefinance.in.

For, Available Finance Limited
SD/- (Rakesh Sahu)
Whole-Time Director & CFO
DIN: 08433972

Date: 13/02/2024
Place: Indore

Printed and Published by **PRAVIN NAGAR**, for the Proprietors, Compac Printers Pvt. Ltd. at Free Press House, 3/54, Press Complex, A.B. Road, Indore-452 008. ■ Editor : **Arshit Gautam** Phones:- 2555111-2, FAX: 2558555. Email: editor.indore@fpj.co.in, Offices: Bhopal Bureau: F-134/2 Professor's Colony, Opp. Ravindra Bhawan, Bhopal, Phone : 0755-2660570/71/ 79 Fax: 0755-4271345 E-Mail news.freepress@gmail.com Ujjain:- 2550385. Ratlam:- 234567. Dewas:- 221373. Mumbai, Ph:- 69028000. Advt Dept.: 69028026. New Delhi, Ph:- 23718853. Calcutta Ph:- 22875645. Chennai - Ph:- 28217766. **RNI No. 38281/83**

## एक नजर



### आपके सगे रिश्तेदार क्या घायल होने पर आपको खून देंगे?

#### 137 बार रक्तदान करने वाले दीपक नाइक का सम्मान

**महू।** आपके बहुत से रिश्तेदार होंगे पर क्या जब आपको रक्त की जरूरत होती है तब अपना सगा रिश्तेदार परिवार रक्त देने आएंगे? यह बात आज शहर के रेडकॉस हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक विचार मंच,रोटरी क्लब,सेवा भारती, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में रक्तदान करने वाले रक्तवीरो के सम्मुख 137 बार रक्तदान करने वाले दीपक विभाकर नाईक ने कही। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में रक्तदान करने में सबसे अहम भूमिका निभाने में 20 वर्षीय बालिकाओं मे मुस्कान वर्मा,साक्षी वर्मा,दिव्यांशी मुलानी आदि ने उत्साह वर्धन सहयोग रहा जिन्होंने प्रथम बार रक्तदान किया। इस अवसर पर आज अतिथि के रूप मे दीपक विभाकर नाईक , डा पियूष तिवारी, डा सौरभ तिवारी , डा अनिमेष श्रीवास्तव, डा हंसराज वर्मा,दिनेश सिंह चौहान,जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, डा विमल सक्सेना,समाजसेवी शैलेंद्र शुक्ला,विक्रम दुबे, डा रामपाल वर्मा,सेवा भारती के गणेश मुकाती,आरएसएस के नगर कार्यवाह उमाशंकर सैनी जिला प्रचारक निर्मल आदिवाल,केदार गोयल, व्यवसाई ऋषिराज शर्मा,सत्यनारायण अग्रवाल उपस्थित थे। इस शिविर की विशेषता यह रही कि मातृ शक्ति और युवा शक्ति ने बढ़ चढ़कर पहली बार रक्तदान कर अपना योगदान दिया सभी रक्तवीरो को सर्टिफिकेट और माला से सम्मानित किया गया। 72 यूनिट ब्लड इस रक्तदान शिविर के माध्यम से एकत्रित हुआ जिसे महू नगर के जरूरतमंद मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, डा आनंद चौरसिया,सरिता खंडेलवाल,डा लक्की खंडेलवाल,अनिल नरवल,अरुण कुमार रविंद्र वर्मा,पायल परदेशी,संगीत माहेश्वरी ,प्रदीप नीम, सूरज महाजन आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# खेत से मजदूर को मारपीट कर भगाया

## फिर बोरिंग मोटर, केबल और मशीन ले भागे



**महू।** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम दतोदा के चिल्यादड इलाके में किसान प्रकाश उपाध्याय के खेत है जहां मजदूर रवि परिवार के साथ रहकर यहां चौकीदारी करता है। गत देर रात्रि चिल्यादड़ क्षेत्र का रहने वाला बदमाश कृष्णा मारू अपने पिता लीलाधर, भाई मोहन व कर्मचारी संजू के साथ प्रकाश उपाध्याय के खेत पर पंहुचा और पहुंचा और बेजा विवाद करते हुए मजदूर दंपत्ति के साथ गाली गलोच करते हुए डंडों से मारने लगा। मजदूर दंपति ने गेहूं के खेतों में तोड़कर जैसे तैसे अपनी जान बचाई।

इधर मकान को सुना देख कमरे में रखी बोरिंग की मोटर, केबल व गड्ढे खोदने की मशीन बदमाश रंगदारी कर उठा ले गए। पूरे घटनाक्रम की जानकारी किसान प्रकाश उपाध्याय को अगली सुबह लगी। लिहाजा किसान प्रकाश उपाध्याय ने कर्मचारी दंपति को साथ लेकर सिमरोल थाने पर मुकदमा दर्ज कराया। मामले में सिमरोल पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। बताया जाता हे सिमरोल थाने पर कृष्णा मारू के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायत है हुई है।



# माता-पिता पूजन-सर्व तीर्थमयी माता, सर्व देवोमय : पिता

**महू।** इतिहास मे अमर हुए.. वैसे ही आप और हम भी विश्व विख्यात,संस्कृति रक्षक एवं मातृ-पितृ पूजन दिवस के प्रणेता परम पूज्य संत आशारामजी बापू की पावन सदप्रेरणा से प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन श्री चक्की वाले महादेव मंदिर,महू (मप्र) पर रखा गया, जिसमें महू के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. विपुल जी महाराज और वृंदावन के प्रपन्नाचार्य जी महाराज की उपस्थिति में बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन कर माता पिता से आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम मे गीता जी लिखवानी, पंकज देवड़ा, राजीव सोनी, नवीन जी, प्रफुल गोलू आदि ने महाराज जी का स्वागत किया। एवं माता पिता पूजन के बाद भोजन प्रसादी रखी गयी।

## तिरछी नजर

### नैया - पतवार

*महू। विधानसभा क्षेत्र में भी पुराने संगठन की स्थिति बेहद लचर है, ब्लाक स्तर पर अब तक कार्यकारी पदाधिकारियों के भरोसे काम चल रहा है, तो युवा से लेकर अन्य संगठन प्रकोष्ठ भी शायद नाम के ही है, जबकि क्षेत्र में प्रदेश स्तर के भी अनेक नेता पदाधिकारी है, लेकिन विधानसभा के बाद से ही अधिकांश एक तरह से घर बैठकर राजनीति कर रहे है। इधर इस दौर में भी निष्ठावान कार्यकर्ताओं का समर्पण तारीफ है, काबिल है वही विधानसभा एरिया के सबसे ताकतवर चेहरा बगावत के बाद से ही विचारधारा परिवर्तन के साथ बहुत कुछ, इधर करीब दो दशक बाद घर लौटे भैयाजी एक बार फिर वापसी के कवायद में जुटे है लिहाजा चैक - चैराहों से चैपालों व सार्वजनिक स्थानों पर नैया - पतवार के साथ ही हैरत भरा बहुत कुछ फिलहाल विराम।*

### पावर - ब्रेक

*यहां भी हालात किसी से? पर पावर - संगठन के चलते माहौल बना हुआ है, जानकारों का मानना है हालात यहां भी पार्टी स्तर पर लचर ही है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर बेहद प्रभावी नेतृत्व के चलते पावर ब्रेक के साथ ही हैरान कर देने वाला बहुत कुछ।*

### पंप - एजेंसी

*विकासखंड के अधिकांश पेट्रोल - डीजल पंपों के साथ ही अनेक गैस एजेंसियों पर मनमानी, अनिमितता आदि का बोलबाला लंबे समय से जारी है। तमाम शिकवा - शिकायतों के बावजूद विभिन्न जिम्मेदार महकमें चुप्पी साधे बैठे हैं। महानगर में घरेलू से कामर्शियल परिवर्तन खुलासे के बाद यहां भी खासी हलचल है। सूत्रों का दावा है अनेक गैस एजेंसियों की मिलीभगत से खासकर औधोगिक नगरी की और के साथ ही व्यवसायिक मांग वाले बड़े व्यपारिक ग्राहकों से जुगलबंदी कर गोरख धंधा वृहद स्तरीय जांच की दरकार है, साल भर पूर्व एक एजेंसी के डोमोस्टिक सिलेंडरों में पानी और कम गैस को लेकर उपभोक्ताओं का मौके पर हंगामा और बाद में ठंडे पानी में चचाओं में रहा था, इसी तरह अनेक पेट्रोल व डीजल पंपों पर मिलावट के साथ ही कम माप को लेकर शिकायतें है, अनेक बार आनलाइन या उपर के बाद जुमार्ना चालानी कार्रवाई से ज्यादा कुछ नही। जानकारों का कहना है विभिन्न जिम्मेदार महकमें कथित तौर पर लायजनिंग व गलबहियों के चलते सब कुछ अनदेखी यहां तक जांच - पड़ताल और फिक्सिंग को लेकर भी हैरान कर देने वाली चचाएं।*

# महर्षि दयानंद का जन्म दिवस काव्य गोष्ठी एवं हवन कर मनाया गया

**महू।** आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर आर्य समाज मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद महू इकाई द्वारा काव्य गोष्ठी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । संस्था अध्यक्ष डॉ उषा किरण त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं दिल्ली आर्य समाज की पदाधिकारी श्रीमती निरूपमा पुरी के मुख्य आतिथ्य में तथा डॉ संध्या दवे के विशेष आतिथ्य में कवि गजानंद पाटीदार, हरीश सोढानी एवं द्रोणाचार्य दुबे ने



कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन कवि द्रोणाचार्य दुबे ने किया। सोमवार को आर्य शिक्षण संस्थान के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने यज्ञ करके महर्षि दयानंद जी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर आचार्य रामलाल शास्त्री ने बच्चों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन और समाज सुधार के बारे में बताया। भजनोपदेशक दिलीप आर्य, सनीधि एवं निधि शर्मा ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किये। बच्चों को टंकारा महर्षि दयानंद जी के जंयती कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

### प्रमुख कवियों की रचना

**द्रोणाचार्य दुबे** - सनातन धर्म रहेगा हम रहेंगे और रहेगा अपना हिंदुस्तान, सनातन धर्म विखंडित हुआ तो इतिहास होगा भारत महान।

**निरूपमा पुरी** - गुजरात की धरती पर टंकारा टंकारा टंकारा वाले का बोलो जयकारा।

**हरीश सोढानी** - प्रभु तेरी लीला अजब है निराली, तूने बनाई अहिल्या को पत्थर से नारी ।

# पशुओं में प्रचलित एवं नवोदित रोगों का निदान 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**महू।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के विकृति विभाग में ह्लपशुओं में प्रचलित एवं नवोदित रोगों की निदान तकनीक पर प्रशिक्षणह्व विषय पर पांच दिवसीय अरउअऊ प्रशिक्षण की शुरूवात सोमवार को हुई।

इस प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पशु चिकित्सकों को पशुओं के रोगों के लिए विभिन्न तकनीकों द्वारा निदान प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सी.पी.पॉल, वरिष्ठ वैज्ञानिक आरआर केट, राउ ने अपने संबोधन में लेजर तकनीक पर शोध एवं अनुसंधान एवं उसके उपयोग के प्रचार एवं प्रसार पर प्रकाश डाला तथा इस तकनीक का उपयोग पशु चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में एक साथ किस



प्रकार किया जा सकता है उसके बारे में सभी को बताते हुए संयुक्त रूप से शोध एवं अन्वेषण पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ बीपी शुक्ला ने की तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस प्रशिक्षण से ग्रहण अनुभव को फील्ड में उपयोग करने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर क्लीनिक एवं मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ आर के बघेरवाल, वेटरनरी क्लीनिकल कंपलेक्स कोऑर्डिनेटर डॉ हेमंत मेहता एवं अन्य शिक्षक गण शामिल हुए। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रशिक्षण की संयोजक डॉक्टर सुप्रिया शुक्ला ने प्रस्तुत की तथा बताया कि यह प्रशिक्षण विश्विद्यालय के कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन में तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से कराया जा रहा है। । कार्यक्रम का संचालन डॉ निधि श्रीवास्तव एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ जी पी जाटव ने प्रेषित किया।

## पॉवर योग पर श्रृंखला में एरोबिक्स पर भी दिया विशेष प्रशिक्षण

**इंदौर।** प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अभिनन्दन कार्यक्रम 7 से 15 फरवरी तक आयोजित होना है जिसमें विभिन्न विधाएं प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम के प्रमुख डॉ. सुनील नरवरिया है एवं डॉ स्वाति बारचे , डॉक्टर आरके सिंह एवम संजय दुबे डॉक्टर एचएल खपड़िया के सहयोग से यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है इसका नेतृत्व डॉ के एन पाठक सर के मार्गदर्शन में हो रहा है जो कि महाविद्यालय के अधिष्ठाता है। नंदन कार्यक्रम में पॉवर योग पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसी श्रंखला में एरोबिक्स पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक रजनी खेतान द्वारा। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के उन्नयन और चहुमुखी विकास के लिए म्यूजिक के साथ एरोबिक्स एक्सरसाइज कराई गई विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# आज विधानसभा का घेराव, मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस का आंदोलन

**महू।** युवक कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अपने चुनाव में किए गए वायदों पर मध्य प्रदेश के मतदाताओं द्वारा उनके झांसे में आकर उन्हें भारी बहुमत दिलाया गया।

बहुमत के मद में चूर भाजपा सरकार द्वारा जो झूठे वादे किए गए थे उससे अब मुकर रही है एवं जनता को भ्रमित करने में लगी हुई है। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में 13 फरवरी को भोपाल विधानसभा का घेराव किया जाएगा इस आंदोलन में विधानसभा क्षेत्र के अनेकों पदाधिकारी युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव रविश जादम के नेतृत्व में भोपाल जाएंगे एवं वहां शिवाजी नगर पर एकत्रित होकर विधानसभा का घेराव एवं प्रदर्शन करेंगे। रविश जादम ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा 13 फरवरी मंगलवार को सुबह 6 बजे भोपाल रवाना होंगे।

# चार युवा लेंगे जैन दीक्षा

## आचार्य विजयराज जी के संघ में बनेंगे संत, इंदौर में पंच दिवसीय दीक्षा महोत्सव

**इंदौर।** भोग - विलासिता, फैशन के भौतिक युग मे एक युवा सुख-सुविधा छोड़ कर सन्यासी बने, ऐसा कहानियों में सुनने को मिलता हैं । किंतु गुरु से धर्म के मर्म जानकर , 18 से 20 वर्ष की युवा उम्र में साधु बनकर दुष्कर जीवन जीने का संकल्प लेने वाले मैसूर के अक्षय सहलोत (22 वर्ष) , उड़ीसा के मोहित सखलेचा (18 वर्ष) , कर्नाटक के सूरज कांकरिया (36 वर्ष) और छत्तीसगढ़ की सुश्री दीपासना चौपड़ा (28 वर्ष) आगामी 18 फरवरी को इसी मार्ग पर चलते हुए जैनाचार्य श्री विजय राज जी म सा के सानिध्य में जैन भगवती दीक्षा स्वीकार करके जैन संत बनाने जा रहे हैं।



सांसारिक शिक्षा दीक्षा में सीए, बी कॉम जितना उच्च अध्ययन करने वाले ये युवा अपने आचार्य जी से प्रेरणा लेकर धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने जा रहे हैं। आज ये चारों युवा मुमुक्षु अपने आचार्य जी के सानिध्य में इंदौर के बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में उपस्थित हुए। आचार्य श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए बताया कि मनुष्य जीवन में सभी काम आउटसोर्स कर सकता है, किन्तु आत्म कल्याण उसे स्वयं ही करना होगा।

शांतक्रान्ति संघ के मंत्री सुशील भंडारी ने बताया कि संसार के मार्ग से वैराग्य मार्ग की और चलते हुए सारे सांसारिक सुखों को त्यागते हुए ये चारों युवा बिजली के उपकरण, मोबाइल लैपटॉप आदी का आजीवन त्याग, जीवन भर पैदल विहार, परिवार का त्याग करते हुए भगवान महावीर के बताए हुए सिद्धांतो पर चलते हुए स्वयं का और समाज के कल्याण पथ पर अग्रसर होंगे।

शांतक्रान्ति जैन संघ के मीडिया प्रभारी श्री प्रकल्प जैन ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में इन युवाओं की जैन दीक्षा को सादगीपूर्ण तरीके से मनाने हेतु विरक्ति दीक्षा समिति द्वारा संघ के बैनर तले पांच दिवसीय कार्यक्रम किये जा रहे है। इस दौरान प्रतिदिन आचार्य श्री के प्रवचन प्रातः 9.15 बजे बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित होंगे।

14 फरवरी - पाट बिठाई की रस्म आयोजित होगी।

15 फरवरी - दीक्षा लेने वाले चारों युवाओं की मेहंदी रस्म आयोजित होगी।

16 फरवरी - चारों युवाओं का धार्मिक चौबीसी गीत के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा गुणगान किया जाएगा।

17 फरवरी - युवाओं का वरघोड़ा एवं शोभायात्रा के माध्यम से नगर के मुख्यमार्गों पर विभिन सामाज और संस्थाओं द्वारा अभिनंदन किया जाएगा।

18 फरवरी - प्रातः 8 बजे चारों युवा साथी अपना घर बार, परिवार और सुविधाओं को त्याग करके पैदल साधुवेश में दीक्षा स्थल बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में पहुचेंगे और आचार्य श्री के माध्यम से जैन भागवती दीक्षा स्वीकार करके अपने गुरु के सानिध्य में जैन मुनि के रूप में नए जीवन की शुरूआत करेंगे।

विरक्ति महोत्सव दीक्षा समिति के संयोजक श्री संजीव लोढ़ा ने बताया कि इंदौर में आचार्य श्री विजयराज जी एवं उपाध्याय श्री जितेशमुनि जी महाराज के सानिध्य में दीक्षा आयोजित होने का यह प्रथम अवसर है। दीक्षा उपलक्ष्य में इस पंच दिवसीय समारोह में भारत के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु इंदौर में पधारने की संभावना हैं।

## स्टैंडर्ड्स क्लब द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**महू।** सुशीला देवी बंसल कॉलेज के स्टैंडर्ड्स क्लब जो कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), सरकार के अंतर्गत आता है। भारत सरकार ने मानकों के बारे में जागरूकता और महत्व पैदा करने के लिए कॉलेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।


### नाम परिवर्तन

मैं माया सोपान भांगे पत्नी आर्मी संख्या 2804912के हवलदार भांगे सोपान श्रीराम, 7 मराठा एल आइ निवासी ग्राम टाकली, पोस्ट नागझरी, तहसील शेगाव, जिला बुलढाणा, महाराष्ट्र, पिन कोड 444203 मेरे पति के सर्विस रेकार्ड में मेरा नाम माया ऐसा गलत दर्ज हुआ है। जबकि मेरा सही नाम माया सोपान भांगे है। शपथ पत्र 2494 /24, दिनांक 29 महू 2024 महु(म.प्र.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत विश्व बैंक परियोजना जसवाड़ी रोड़ रामनगर खंडवा में स्थित भूखण्ड क्रमांक ए-698 ईडब्ल्यूएस मंडल द्वारा श्रीमती ममता तावडे पति श्री रामू तावडे के नाम से आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13/03/2014 को पंजीकृत है। श्रीमती ममता तावडे पति श्री रामू तावडे से उक्त संपत्ति का श्रीमती कविता पटेल पति श्री अखिलेश पटेल ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 02/02/2024 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र/विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती कविता पटेल पति श्री अखिलेश पटेल के नाम से हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वि / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

### मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक
Madhya Pradesh Gramin Bank
आपका अपना बैंक
(A Joint venture of Govt. of India, Bank of India and MP Govt. )

### अचल संपत्ति हेतु अधिग्रहण सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनि 2002 की धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह सूचित किया जा कि मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक से निम्नलिखित ऋणी द्वारा ऋण ले रखा है, उनके खाते के अन (एनपीए) होने के कारण ऋण राशि एवं ब्याज एवं खर्चे चूकता करने के लिए उक्त अधिनियम धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिवस का नोटिस दिया गया था। ऋणी एवं जमानतदार के द्वारा र का भुगतान करने में असफल रहने पर ऋणी, जमानतदार एवं जनसाधारण को सूचित किया ज है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 8 के अधीन प्र शक्तियों का उपयोग करते हुए निम्नानुसार संपत्ति का सांकेतिक कब्जा उनके सामने दर्शाई दिनांक को ले लिया गया है। ऋणी एवं जमानतदार को विशेष तौर पर और जनसाधारण सामान्यतः एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्ति के संबंध में कोई व्यवह करें। इस संपत्ति के संबंध में किया गया व्यवहार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के ऋण पर देय ब्याज अन्य खर्चों के प्रभार के अधीन होगा। ऋणी एवं जमानतदार को यह सूचित किया जाता है कि वे दिवस के अन्दर बकाया राशि एवं ब्याज जमा करके आगामी कार्यवाही से बच सकते है।

| क्र. | शाखा | ऋणी का नाम | मांग नोटिस दिनांक | कब्जा नोटिस दिनांक | वसूली योग्य राशि | बंधक संपत्ति का विवरण एवं संप स्वामी का ना |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरगोन | श्रीमती दीपिका पति नितेश गोस्वामी | 06.11.2023 | 09.02.2024 | 7,09,817.70 + दिनांक 30.09.2023 से ब्याज + अन्य व्यय | श्रीमती दीपिका नितेश गोस्वामी क्र. 58/3/1, ग्र डाबरिया, तहर्स खरगोन जिल खरगोन में स्थि मकान क्षेत्रफ =450 वर्गफि |

दिनांक : 09.02.2024
प्राधिकृत अधिकारी क्षेत्रीय प्रबं

## AVAILABLE FINANCE LIMITED

CIN: L67120MP1993PLC007481
Regd. Off: Agarwal House, 5 Yeshwant Colony Indore MP 452003 | Email Id: cs@availablefinance.com

Standalone & Consolidated Un-Audited Financial Results (Standalone & Consolidated) For The Quarter / Nine MonthsEnded 31st December, 2023

(Rs. In Lakhs except EPS)

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Current Quarter ended (31.12.2023) | Corresponding 3 Months Ended in Previous Year (31.12.2022) | Year to date figures for 9 months (31.12.2023) | Current Quarter ended (31.12.2023) | Corresponding 3 Months Ended in Previous Year (31.12.2022) | Year to date figures for 9 months (31.12.2023) |
| | Un -Audited | Un -Audited | Un - Audited | Un -Audited | Un -Audited | Un - Audited |
| Total income from operations | 13.79 | 15.12 | 40.80 | 13.79 | 15.12 | 40.80 |
| Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 9.04 | 10.04 | 20.86 | 9.04 | 10.04 | 20.86 |
| Net Profit / (Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | 9.04 | 10.04 | 20.86 | 9.04 | 10.04 | 20.86 |
| Net Profit/(Loss) for the period After Tax Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.73 | 7.60 | 16.77 | 4860.21 | 2704.53 | 8591.33 |
| Total comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after Tax)] | 19.02 | 28.26 | 13.84 | 4869.83 | 2790.08 | 8570.40 |
| Equity Share Capital (FV of Rs. 10/-) | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 | 1020.37 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | 696.60 | 678.44 | 696.60 | 101665.65 | 86330.99 | 101665.65 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) Basic and Diluted: | 0.07 | 0.07 | 0.16 | 47.63 | 26.51 | 84.20 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Half yearlyFinancial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Un-Audited Financial Results for the quarter/ nine monthsended 31stDecember, 2023 are available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com and on website of the company at www.availablefinance.in.

For, Available Finance Limited
SD/- (Rakesh Sahu)
Whole-Time Director & CFO
DIN: 08433972

Date: 13/02/2024
Place: Indore

## BERYL DRUGS LIMITED

Regd. Off.: Ground Floor, 133, Kanchan Bagh, Indore-452001 (M.P.) .Tel.:0731-2517677
Email: beryldrugs25@yahoo.com CIN : L02423MP1993PLC007840

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 31st DECEMBER, 2023 (Rs. in Lakhs)

| Particulars | QUARTER ENDING / Current Year Ending (31-12-2023) | Corresponding 3 month ended in previous year (31-12-2022) | Year to date figures/ Previous Year ended (31-03-2023) |
|---|---|---|---|
| 1 Total Revenue from operations (net) | 766.03 | 819.03 | 2715.66 |
| 2 Net profit (loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 37.62 | 37.77 | 98.39 |
| 3 Net profit (loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 37.62 | 37.77 | 98.39 |
| 4 Net profit (loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 31.12 | 14.28 | 76.61 |
| 5 Total Comprehensive Income for the period [comprising Profit / (loss) for the period after tax and other Comprehensive Income(after tax)] | 25.34 | 16.55 | 77.28 |
| 6 Paid-up equity share capital | 507.17 | 507.17 | 507.17 |
| 7 Reserves excluding revaluation reserve | 417.58 | 291.20 | 297.27 |
| 8 Earnings per share (of Rs. 10 each) - for continuing operations | | | |
| Basic earnings per share after extraordinary items | 0.61 | 0.28 | 1.51 |
| Diluted earnings per share after extraordinary items | 0.61 | 0.28 | 1.51 |

NOTES : The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Yearly Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on Company's website (www.beryldrugs.com)

For & on behalf of the Board
BERYL DRUGS LTD.
Sd/-
Sanjay Sethi (Managing Director)
DIN : 00090277

Place : Indore
Date : 12/02/2024

C/o/n/v/e/y-Ad